MINT, Delhi, 12.6.2023
Page No. 10, Size:(22.57)cms X (21.27)cms.

# Oil traders are daring to defy market kingpin Saudi Arabia

The immediate price gain from the latest curbs that Saudi Arabia announced on Sunday lasted only for one day

Bloomberg
feedback@livemint.com

Oil traders are starting to ignore the most important person in the market. It could prove a risky gambit.

A week ago, Saudi Arabian energy minister Prince Abdulaziz bin Salman, pledged to unilaterally cut the country's July oil production to the lowest in over a decade excluding covid-19 era curtailments. He described the move as a "lollipop".

While there have been bigger output cuts in recent months, its symbolism was important, and Prince Abdulaziz left open the possibility of extending the curb. It also came on the back of a litany of comments that suggest the prince wants to hurt those who speculate on lower prices.

And yet traders are becoming less responsive. The immediate price gain from the curbs he announced on Sunday lasted a day. By Friday at 5 pm in London, Brent futures were around $76 a barrel—almost exactly where they were a week earlier. A previous output cut in April took less than a month to wear off on prices.

Speaking on Sunday, the prince said the Opec+ agreement was about being proactive and precautionary. "I think the physical market is telling us something and the futures market is telling us something else," he said at the Arab, China Business Conference in Riyadh. "To understand Opec+ today, it's all about being proactive, pre-emptive and precautionary."

Despite expectations that oil demand will outstrip supply in the coming months, several things are fuelling the bears' confidence. But two negatives really stand out: the first is that Russian shipments have boomed in the face of expectations that western sanctions would curtail them. The second is concern about the fate of China's economy, for years been the bedrock of demand growth.



A previous output cut by Saudi Arabia in April took less than a month to wear off on prices. REUTERS

"There are many uncertainties, as usual, when it comes to the oil markets, and if I have to pick the most important one it's China," Fatih Birol, executive director at the International Energy Agency, said in a Bloomberg TV interview this week. "If the Chinese economy weakens, or grows much lower than many international economic institutions believe, of course this can lead to bearish sentiment."

**Despite expectations that oil demand will outstrip supply in months to come, many things give bears confidence**

China's Purchasing Manufacturing Index fell to 48.8 last month, a level that undershot expectations and was also the weakest reading since December, when the country was mired in covid zero restrictions.

Even if its economy does accelerate anew, China will have a lot of crude to use up. The country's stockpiles rose to a two-year high in May and several traders said they see recent Saudi oil price hikes to Asia, alongside continued Opec+ production cuts, as part of an effort to drain that inventory.

That is compounding a less-rosy—but far from outright bearish—picture of global demand.

Since January, the IEA—whose supply and demand balances serve as a benchmark for the world's oil analysts—has shaved its anticipated demand increase from second- to fourth-quarters by 900,000 barrels a day. It still expects it to expand by a robust 1.8 million barrels a day, though some are dubious of whether it can be achieved.

Beyond China, there is a global concern about industrial production, a close proxy for diesel demand. Manufacturing has been in contraction worldwide for each of the last nine months, according to JPMorgan data, while a gauge of US trucking is at the weakest since September 2021. This week, the US cut its outlook for consumption of the road fuel.

Those dynamics are, perhaps, part of why the cuts by Saudi Arabia and its Opec+ allies are having less of an impact.

"The producer group is in a multiple bind: demand is looking weaker and non-OPEC supply stronger by year-end than many analysts had forecast," Citigroup analysts including Francesco Martoccia wrote. "Both Opec and IEA forecasts have had an air of wishful thinking about accelerating demand growth."

Stubbornly high oil flows are not helping.

While they have slipped in the past few months, observed seaborne oil shipments are still up sharply compared with where they were in May 2022, a month when Chinese buying was being undermined by the country's efforts to contain covid.

Tracking by Bloomberg shows shipments from the bulk of the world's exporters rtyt up 1.13 million barrels a day year on year. Russia's cargoes, in particular, are soaring. The nation's crude exports were within 100,000 barrels a day of a record in the four weeks to 4 June, according to data compiled by *Bloomberg*.

That has led to a torpor in the face of supply cuts. Likewise, markets for physical barrels are—for now at least—showing little sign of major tightness, though there's still a month before Saudi Arabia's cut takes effect. US crude oil was this week sold in Europe at the weakest in a month. Prior cuts by some members of Opec+ began in May.

Despite all that, it's far from a risk-free bet for the bears.

With the kingdom effectively backstopping any decline in prices, some investors remain hopeful of meaningful market tightening in the second half of the year.

INDIAN EXPRESS, Delhi, 12.6.2023
Page No. 19, Size:(24.90)cms X (17.05)cms.

# OPEC+ working against 'uncertainities and sentiment', says Saudi minister

**REUTERS**
RIYADH, JUNE 11

SAUDI ARABIA'S Energy Minister Prince Abdulaziz bin Salman said on Sunday that the latest OPEC+ agreement involved comprehensive reform, but that the alliance was also working against "uncertainities and sentiment" within the market.

"That is why we had this agreement," the prince said at the Arab-China business conference in the Saudi capital Riyadh, when asked what was necessary to achieve market stability.

He said while the physical market was giving some signals, the futures market was saying the opposite, meaning the OPEC+ alliance of producers had to "remain in a state of readiness".



*File.*

Saudi Arabia, OPEC's largest exporter, announced a voluntary cut of 1 million barrels per day (bpd) for July at an OPEC+ meeting in Vienna last weekend.

The group of producers also lowered its collective production target for 2024 and the nine participating countries extended voluntary cuts announced in April to the end of 2024.

The United Arab Emirates secured a higher output quota which it had long been seeking -- an issue that had caused tension between the group and Abu Dhabi, which has been increasing its output capacity.

The prince said the new OPEC+ deal would be rewarding for those who were investing to grow their production capacity.

"In the final analysis what this agreement will achieve for all of us is that those who invest, not this year, but the years to come, '24 and '25 and moving forward, there will be a recognition for their investment because they will be given higher production allocations."

Concern about the global economy dampened the oil market's reaction to Saudi Arabia's pledge to cut supply. Oil prices fell by more than a dollar per barrel on Friday to record a second straight weekly decline.

# 'OPEC+ working against uncertainties'

REUTERS
Riyadh, June 11

SAUDI ARABIA'S ENERGY minister Prince Abdulaziz bin Salman said on Sunday that the latest OPEC+ agreement involved comprehensive reform, but that the alliance was also working against "uncertainities and sentiment" within the market.

"That is why we had this agreement," the prince said at the Arab-China business conference in the Saudi capital Riyadh, when asked what was necessary to achieve market stability. He said while the physical market was giving some signals, the futures market was saying the opposite, meaning the OPEC+ alliance of producers had to "remain in a state of readiness".

Saudi Arabia, OPEC's largest exporter, announced a voluntary cut of 1 million barrels per day (bpd) for July at an OPEC+ meeting in Vienna last weekend. The group of producers also lowered its collective production target for 2024 and the nine participating countries extended voluntary cuts announced in April to the end of 2024.


Prince Abdulaziz bin Salman

The UAE secured a higher output quota which it had long been seeking -- an issue that had caused tension between the group and Abu Dhabi, which has been increasing its output capacity.

The prince said the new OPEC+ deal would be rewarding for those who were investing to grow their production capacity.

"In the final analysis what this agreement will achieve for all of us is that those who invest, not this year, but the years to come, '24 and '25 and moving forward, there will be a recognition for their investment."

HINDU, Delhi, 12.6.2023
Page No. 14, Size:(5.38)cms X (5.45)cms.

# Bargarh ethanol refinery will boost green growth: Pradhan

Union Minister Dharmendra Pradhan on Sunday said the ethanol bio-refinery plant being set up by the Bharat Petroleum Corporation Ltd. in Bargarh district of Odisha would give momentum to green growth and sustainable development. After inspecting the site, he said the plant would provide employment opportunities to the youth of the region. The plant would produce ethanol from straw, waste and spoiled rice, he said. This plant would promote green fuel. "Bargarh bio-refinery is making steady progress and is expected to be commissioned soon," Mr. Pradhan said in a tweet. Ethanol produced from this plant will be blended with petrol. The cost of the project is around ₹1,607 crore. PTI

BUSINESS STANDARD, Delhi, 12.6.2023
Page No. 2, Size:(24.90)cms X (14.19)cms.

# IOC top bidder for Reliance's KG gas for 2nd auction in a row

Indian Oil Corporation (IOC), the country's largest oil firm, has walked away with half of the natural gas that Reliance Industries and its partner bp of the UK offered in the latest auction of the fuel used to generate power, produce fertiliser, turned into CNG and used for cooking purposes. IOC got 2.5 million standard cubic meters per day out of the 5 mmscmd of gas auctioned last month, sources with knowledge of the matter said. The oil refining and marketing company bid the volumes on behalf of seven fertilizer plants. PTI

HINDUSTAN TIMES, Delhi, 12.6.2023
Page No. 10, Size:(3.49)cms X (12.94)cms.

# PETROL, DIESEL PRICES GO UP IN PUNJAB AS GOVT HIKES VAT ON FUEL

**HT Correspondent**
letters@hindustantimes.com

**CHANDIGARH :** The petrol price in Punjab on Sunday went up by 93 paise per litre, while the diesel rate was hiked by 89 paise per litre, after the state government revised the value added tax (VAT) on fuel, officials said.

A notification for upward revision in VAT was issued by the state excise and taxation department on June 10. Punjab Petroleum Dealers Association president Sandeep Sahgal said, "The retail prices came into effect from 6am on Sunday."

With the increase in VAT, retail prices of petrol and diesel per litre in Ludhiana rose to ₹98.73 and ₹89.02 from ₹97.80 and ₹88.13, respectively, he said.

The value added tax on diesel has been increased by 1.13% to 12% or ₹10.02 per litre, whichever is greater, while on petrol it has been increased by 1.08% to 15.74% or ₹14.32 per litre, whichever is greater. The VAT increase is likely to generate additional revenue of ₹500 crore a year, a government official said. This is the second time that the Aam Aadmi Party (AAP) government in Punjab has hiked the fuel prices this year.

RASHTRIYA SAHARA, Delhi, 12.6.2023
Page No. 11, Size:(6.96)cms X (5.74)cms.

# अफगानिस्तान में आर्थिक परियोजनाओं को लेकर रस्साकशी

**संयुक्त राष्ट्र (भाषा)।** अफगानिस्तान में तालिबान द्वारा नियुक्त गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी बड़ी आर्थिक परियोजनाओं को कथित तौर पर अपने नियंत्रण में लेना चाहते हैं, जिनमें मुख्य रूप से तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-भारत (टीएपीआई) गैस पाइपलाइन परियोजना के अफगान खंड का निर्माण शामिल है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अफगानिस्तान और उसके आसपास के क्षेत्र में आतंकवाद का खतरा बढ़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 1988 तालिबान प्रतिबंध समिति की विश्लेषणात्मक समर्थन एवं प्रतिबंध निगरानी टीम की 14वीं रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगानिस्तान में संघीय और प्रांतीय प्रशासन में पदों के वितरण को लेकर तालिबान के अधिकारियों के बीच कलह 'स्पष्ट' है। शुक्रवार को यहां जारी रिपोर्ट में कहा गया है, 'कार्यवाहक गृह मंत्री एवं हक्कानी नेटवर्क के नेता सिराजुद्दीन हक्कानी और कार्यवाहक प्रथम उप प्रधानमंत्री मुल्ला बरादर के बीच कथित तौर पर बड़े पैमाने पर मतभेद हैं।'

इसमें कहा गया है कि बरादर का सरकार में 'कम प्रभाव' है, लेकिन उन्हें दक्षिणी प्रांतों के प्रशासनों का समर्थन मिलना बरकरार है। इसके अलावा, बरादर चाहते हैं कि तालिबान को अंतरराष्ट्रीय मान्यता दिलाने, विदेश में अफगानिस्तान की संपत्ति पर लगी रोक हटवाने और देश को मिलने वाली विदेशी सहायता का दायरा बढ़ाने की प्रक्रिया उनके

**गृहमंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी अपने नियंत्रण में लेना चाहते हैं**

नियंत्रण में रहे। रिपोर्ट में कहा गया है, यह संघर्ष सरकारी पदों के लिए प्रतिस्पर्धा और वित्तीय एवं प्राकृतिक संसाधनों तथा वाणिज्यिक सामग्री की तस्करी के रास्तों पर नियंत्रण के इर्द-गिर्द घूमता है। रिपोर्ट के अनुसार, 'सिराजुद्दीन हक्कानी सबसे बड़ी आर्थिक परियोजनाओं को कथित तौर पर अपने नियंत्रण में लेना चाहते हैं। इनमें मुख्य रूप से तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-भारत (टीएपीआई) गैस पाइपलाइन के अफगान खंड के निर्माण संबंधी परियोजना शामिल है।' लगभग 1,814 किलोमीटर लंबी यह प्राकृतिक गैस पाइपलाइन तुर्कमेनिस्तान से निकलती है और अफगानिस्तान व पाकिस्तान से होकर भारत पहुंचती है। तुर्कमेनिस्तान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत ने इस पाइपलाइन के विकास के लिए दिसंबर 2010 में एक अंतर सरकारी समझौते (आईजीए) और गैस पाइपलाइन रूपरेखा समझौते (जीपीएफआई) पर हस्ताक्षर किए थे।

## तालिबान ने उसके अंदर दरार पैदा होने से जुड़ी यूएन की रिपोर्ट को निराधार बताया

**इस्लामाबाद (एपी)।** तालिबान ने रविवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की उस रिपोर्ट को 'निराधार और पक्षपातपूर्ण' करार दिया, जिसमें उसके (तालिबान के) अंदर पैदा हो रही दरार को उजागर किया गया है। पिछले सात महीनों में राजधानी काबुल से तालिबान के गढ़ एवं इसके सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा के दबदबे वाले दक्षिणी शहर कंधार तक सत्ता में एक बड़ा बदलाव देखा गया है।

HINDUSTAN, Delhi, 12.6.2023
Page No. 7, Size:(15.03)cms X (6.44)cms.

**सफलता** | कानपुर आईआईटी ने विकसित किया देश का पहला डीएमई इंजन, तीन साल में बनकर तैयार इको फ्रेंडली इंजन से नहीं निकलेगा धुआं

# कूड़े से बनी गैस से चलेगा ट्रैक्टर, प्रदूषण रहेगा जीरो

■ अभिषेक सिंह

कानपुर। अब डीजल ही नहीं, कूड़े से बनी गैस से भी ट्रैक्टर चलेगा। इसमें प्रदूषण नहीं होगा और ईंधन खर्च में भी बचत होगी। आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिकों ने विशेष इंजन विकसित किया है जो पूरी तरह से इकोफ्रेंडली होगा। वैज्ञानिकों के मुताबिक फिलहाल इसे ट्रैक्टर को ध्यान में रखकर बनाया गया है पर इस टेक्नोलॉजी के जरिए कार या अन्य चारपहिया वाहनों के लिए भी इंजन विकसित कर सकते हैं।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. अविनाश अग्रवाल और उनकी टीम डीजल के विकल्प पर काम कर रही है। प्रो. अग्रवाल ने बताया कि तीन साल की कड़ी मेहनत के बाद इंजन विकसित करने में सफलता मिली है।

इसके माध्यम से घरेलू कचरा और कृषि कचरा से बनने वाली डाईमिथाइल ईथर (डीएमई) का उपयोग ईंधन के रूप में किया जा सकेगा। वैज्ञानिकों ने हायर डायमीटर का नोजल होल, डीएमई सप्लाई लाइन, हाइप्रेशन पंप, डीएमई रिटर्न लाइन, डीएमई टैंक को नए सिरे से तैयार कर इंजन विकसित किया है।




आईआईटी द्वारा तैयार ट्रैक्टर।

**03** साल में पूरा किया वैज्ञानिकों ने शोध

**एलपीजी से भी सस्ता**

प्रो. अविनाश अग्रवाल के मुताबिक डाईमिथाइल ईथर का उपयोग कर जब ट्रैक्टर इस इंजन से चलेंगे तो जीरो फीसदी प्रदूषण होगा। धुआं एक फीसदी से भी कम निकलेगा। प्रो. अग्रवाल के मुताबिक इस ईंधन से बने वाहन डाईमिथाइल ईथर से चलेंगे। यह डीजल ही नहीं, बल्कि एलपीजी से भी सस्ता होगा।

## कचरे से बन रही है गैस

घरेलू कूड़ा और कृषि कचरा से बायो गैस बनाने के कई जगह प्लांट लगे हैं मगर ये तभी पूरी तरह सफल हो सकते हैं जब यहां तैयार डाईमिथाइल ईथर का बड़े स्तर पर उपयोग किया जाए और यह व्हीकल में ही संभव है।

"कूड़े से बन रही बायोगैस से चलने वाला इंजन विकसित करने में सफलता मिली है। ट्रैक्टर पर सफल परीक्षण हुआ है। - प्रो. अविनाश अग्रवाल, वरिष्ठ वैज्ञानिक-मैकेनिकल इंजीनियरिंग आईआईटी

HINDUSTAN, Delhi, 12.6.2023
Page No. 11, Size:(5.65)cms X (1.85)cms.

# गैस नीलामी में आईओसी को आधा हिस्सा मिला

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन आईओसी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसकी ब्रिटिश भागीदार बीपी की केजी गैस की हालिया प्राकृतिक गैस नीलामी में करीब आधा हिस्सा हासिल किया है। पिछले महीने हुई नीलामी में आईओसी ने 25 लाख घनमीटर प्रतिदिन गैस हासिल की है।

HINDUSTAN, Delhi, 12.6.2023
Page No. 13, Size:(5.90)cms X (6.32)cms.

# तापी गैस परियोजना पर हक्कानी गुट की नजर

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** अफगानिस्तान में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अफगानिस्तान में आतंकवाद का खतरा बढ़ गया है। वहीं, रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हक्कानी गुट की तापी परियोजना पर नजर है। वे इसे अपने नियंत्रण में लेना चाहते हैं।

तालिबान, अलकायदा और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के बीच वर्तमान में मजबूत गठजोड़ बना हुआ है। चिंता जताई गई है कि तालिबान ने अन्य देशों के खिलाफ हमलों के लिए अफगान भूमि का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देने का आश्वासन कोरा साबित हो रहा है। इसके विपरीत उसने टीटीपी को समर्थन दे रखा है, जिससे वह आतंकी घटनाओं को अंजाम देने में जुटा है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अफगानिस्तान में तालिबान द्वारा नियुक्त गृहमंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी बड़ी आर्थिक परियोजनाओं को अपने नियंत्रण में लेना चाहते हैं। इसमें मुख्य रूप से तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-भारत (तापी) गैस पाइपलाइन परियोजना के अफगान खंड का निर्माण शामिल है।

VIRAT VAIBHAV, Delhi, 12.6.2023
Page No. 15, Size:(9.92)cms X (17.86)cms.

# पंजाब में पेट्रोल-डीजल महंगा हुआ, राज्य सरकार ने वैट बढ़ाया




एजेंसी ■ चंडीगढ़

पंजाब सरकार द्वारा मूल्यवर्धित कर (वैट) में बढ़ोतरी के बाद राज्य में पेट्रोल 92 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है, जबकि डीजल के दाम 88 पैसे प्रति लीटर बढ़ गए हैं। राज्य के पेट्रोल पंप मालिकों ने यह जानकारी दी। वैट में वृद्धि के साथ पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें (मोहाली में) बढ़कर क्रमशः 98.95 रुपए प्रति लीटर और 89.25 रुपए प्रति लीटर हो गई हैं। नई खुदरा कीमतें 10 और 11 जून की मध्यरात्रि से लागू हो गई हैं। यह इस साल में दूसरा मौका है जबकि ईंधन कीमतें बढ़ी हैं। फरवरी में आप सरकार ने पेट्रोल और डीजल दोनों पर 90 पैसे प्रति लीटर का उपकर लगाया था। राज्य के आबकारी और कराधान विभाग ने शनिवार को ईंधन पर वैट में वृद्धि के संबंध में अधिसूचना जारी की। मोहाली के एक पेट्रोल पंप के मालिक अशविंदर सिंह मोंगिया ने कहा कि डीजल पर वैट 1.13 प्रतिशत बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि पेट्रोल पर इसे 1.08 प्रतिशत बढ़ाकर 15.74 प्रतिशत किया गया है। मोंगिया ने कहा कि वैट में बढ़ोतरी के साथ पंजाब में पेट्रोल और डीजल की दरें पड़ोसी राज्यों की तुलना में अधिक हो गई हैं। मोंगिया ने कहा कि संघ शासित प्रदेश चंडीगढ़ में डीजल और पेट्रोल की खुदरा कीमतें क्रमशः 84.26 रुपए प्रति लीटर और 96.20 रुपए प्रति लीटर हैं। इसी तरह हिमाचल प्रदेश में डीजल की कीमत 85.44 रुपए प्रति लीटर और पेट्रोल की 96.29 रुपए प्रति लीटर है। शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने पेट्रोल और डीजल पर वैट बढ़ाने की निंदा की है। उन्होंने इस मनमानी वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग की है। पंजाब कांग्रेस के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने कहा, भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार का एक और जनविरोधी फैसला।

DAINIK TRIBUNE, Delhi, 12.6.2023
Page No. 1, Size:(21.87)cms X (30.94)cms.

# पंजाब में वैट बढ़ने से पेट्रोल-डीजल महंगा

मोहाली/ चंडीगढ़, 11 जून (निस)

पंजाब सरकार ने राज्य की जनता पर बोझ डालते हुए पेट्रोल व डीजल पर वैट बढ़ा दिया है। इससे प्रदेश में पेट्रोल व डीजल की कीमतों में वृद्धि हो गई है। बढ़ी हुई कीमतें शनिवार रात 12 बजे से लागू हो गई हैं। शनिवार को भगवंत मान मंत्रिमंडल की बैठक मानसा में हुई थी। बैठक में ही पेट्रोल व डीजल पर वैट बढ़ाने का फैसला लिया गया। सरकार द्वारा मंत्रिमंडल में लिए गए अन्य फैसलों की जानकारी सार्वजनिक कर दी गई थी, लेकिन पेट्रोल व डीजल पर वैट बढ़ाने के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। शनिवार रात 12 बजे से इस फैसले को लागू किया गया।

सरकार ने पेट्रोल पर वैट दर में करीब 1.08 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इससे पेट्रोल 92 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ है। डीजल वैट दर में 1.13 प्रतिशत बढ़ोतरी होने से यह 90 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है। इस दर में 10 प्रतिशत सरचार्ज भी शामिल है। इसके बाद, पेट्रोल पर कुल वैट प्रति लीटर 14.75 से बढ़कर 15.74 प्रतिशत और डीजल पर 14.75 से बढ़कर करीब 15.88 प्रतिशत हो गया है।

| | पेट्रोल | डीजल (रु./ लीटर) |
|---|---|---|
| मोहाली | 98.95 | 89.25 |
| चंडीगढ़ | 96.20 | 84.26 |

## मोहाली के पंप मालिक परेशान

पंजाब में हिमाचल के मुकाबले डीजल 5 रुपये महंगा हो गया है। चंडीगढ़ के मुकाबले पेट्रोल-डीजल महंगा होने से मोहाली के पेट्रोल पंप मालिक परेशान हैं। मोहाली डिस्ट्रिक्ट पेट्रोलियम डीजल एसोसिएशन के प्रधान अशविंदर सिंह मोंगिया ने कहा कि खासतौर पर चंडीगढ़ के साथ लगते मोहाली के पेट्रोल पपों पर संकट बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि जब शराब के रेट बराबर हो सकते हैं तो पेट्रोल, डीजल के क्यों नहीं हो सकते।

**किसानों पर भी बढ़ा बोझ :** भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के सौदागर सिंह घुडानी ने कहा कि धान की बिजाई से ठीक पहले डीजल के दाम बढ़ाना ठीक नहीं है।

NAVBHARAT, Mumbai, 12.6.2023
Page No. 8, Size:(13.32)cms X (14.04)cms.

# पेट्रोल-डीजल पंजाब में महंगा

## मान सरकार ने बढ़ाया वैट

**चंडीगढ़.** पंजाब में पेट्रोल और डीजल महंगा हो गया है. पंजाब की भगवंत मान सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दामों पर मूल्य वर्धित कर यानी वैट बढ़ा दिया है. जिसके बाद प्रदेश में अब



पेट्रोल की कीमत 98.65 रुपये प्रति लीटर जबकि डीजल के दाम बढ़कर 88.95 रुपये प्रति लीटर पहुंच गए हैं. सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर एक रुपये वैट बढ़ाया है. बताया जा रहा है कि शुक्रवार को पंजाब कैबनिट की बैठक में पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी गई. वहीं, शनविार देर रात इसका नोटफिकिशन जारी करने के बाद रात 12 बजे से ही नई कीमतें लागू हो गई हैं. इससे पहले इसी साल फरवरी में भी पंजाब सरकार ने वैट में इजाफा कयिा था. पंजाब में इसी साल फरवरी के महीने में भी पेट्रोल और डीजल 90 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ था. तब पंजाब के आवास और शहरी विकास मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा था कि इस बढ़ोतरी की जरूरत कुछ समय से महसूस की जा रही थी.

HARI BHOOMI, Delhi, 12.6.2023
Page No. 10, Size:(21.87)cms X (30.94)cms.

# बीपीसीएल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी: प्रधान

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने कहा कि उसकी बरगढ़ 2जी बायो-रिफाइनरी एथनॉल उत्पादन करने के लिए चावल के भूसे का इस्तेमाल करेगी। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि इससे चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और बेकार चीजों के बेहतर उपयोग हो सकेगा।

VEER ARJUN, Delhi, 12.6.2023
Page No. 11, Size:(10.94)cms X (15.44)cms.

# बीपीसीएल की बरगढ़ बायो-रिफाइनरी चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी: प्रधान

नई दिल्ली, (भाषा)। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने कहा कि उसकी बरगढ़ 2जी बायो-रिफाइनरी एथनॉल उत्पादन करने के लिए चावल के भूसे का इस्तेमाल करेगी। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि इससे चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और बेकार चीजों के बेहतर उपयोग हो सकेगा। चक्रीय अर्थव्यवस्था में ऐसी जीवनशैली को बढ़ावा दिया जाता है, जहां नए संसाधनों का इस्तेमाल कम से कम हो और वस्तुओं का किसी न किसी रूप में बार-बार उपयोग किया जाए। यह व्यवस्था पर्यावरण के अनुकूल है। मानव संसाधन विकास मंत्री ने नरेंद्र मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर विकास तीर्थ यात्रा के तहत ओडिशा में निर्माणाधीन बरगढ़ 2जी बायो-रिफाइनरी स्थल का दौरा किया। उन्होंने ट्वीट किया, बरगढ़ बायो-रिफाइनरी लगातार प्रगति कर रही है और इसके जल्द ही चालू होने की उम्मीद है।

AMAR UJALA, Delhi, 12.6.2023
Page No. 14, Size:(20.72)cms X (10.77)cms.

# भारत आने वाली गैस पाइपलाइन पर नियंत्रण चाहता है हक्कानी

## संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में खुलासा, फिर कलह में उलझे तालिबान सरकार के शीर्ष नेता हक्कानी और बरादर

संयुक्त राष्ट्र। अफगानिस्तान में संघीय व प्रांतीय प्रशासन में पदों के वितरण को लेकर तालिबानी अधिकारियों के बीच कलह सतह पर आ गई है। तालिबानी सरकार के कार्यवाहक गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी बड़ी आर्थिक परियोजनाओं को अपने नियंत्रण में लेना चाहते हैं। इनमें मुख्य रूप से तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-भारत (टीएपीआई) गैस पाइपलाइन के अफगान खंड का निर्माण शामिल है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 1988 तालिबान प्रतिबंध समिति की विश्लेषणात्मक समर्थन एवं प्रतिबंध निगरानी टीम की 14वीं रिपोर्ट शुक्रवार को जारी की गई। रिपोर्ट



मुल्ला बरादर



सिराजुद्दीन हक्कानी

में कहा गया है कि सिराजुद्दीन हक्कानी व कार्यवाहक प्रथम उप प्रधानमंत्री मुल्ला बरादर के बीच व्यापक मतभेद हैं। बरादर तालिबान को अंतरराष्ट्रीय मान्यता दिलाने, विदेशी सहायता समेत अंतरराष्ट्रीय स्तर से जुड़े मामलों पर नियंत्रण चाहते हैं। एजेंसी

### पाइपलाइन का काम जारी

टीएपीआई परियोजना 1,814 किलोमीटर लंबी है। यह प्राकृतिक गैस पाइपलाइन तुर्कमेनिस्तान से अफगानिस्तान व पाकिस्तान होती हुई भारत पहुंचनी है। तुर्कमेनिस्तान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान व भारत ने इस पाइपलाइन के विकास के लिए दिसंबर 2010 में पर हस्ताक्षर किए थे। इसका निर्माण वर्ष 2015 में शुरू हुआ था। हालांकि, अफगानिस्तान में अस्थिरता के कारण यहां काफी कम काम हो पाया है।

NAVBHARAT TIMES, Delhi, 12.6.2023
Page No. 12, Size:(18.04)cms X (18.72)cms.

### UN की रिपोर्ट में दावा, तालिबान के गुटों में वर्चस्व की जंग

# भारत से जुड़ी TAPI गैस पाइपलाइन पर अपना कंट्रोल चाहता है हक्कानी गुटः रिपोर्ट

**पीटीआई, संयुक्त राष्ट्रः** UN की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अफगानिस्तान में तालिबान की ओर से नियुक्त गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी बड़ी आर्थिक परियोजनाओं को अपने कब्जे यानी कंट्रोल में लेना चाहते हैं। इन परियोजनाओं में मुख्य रूप से तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान- भारत यानी TAPI गैस पाइपलाइन है। हक्कानी अफगानिस्तान वाले हिस्से को बनाने में नियंत्रण चाहते हैं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1988 तालिबान प्रतिबंध समिति से जुड़ी निगरानी टीम की 14वीं रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। प्राकृतिक गैस से जुड़ी यह पाइपलाइन तुर्कमेनिस्तान से निकलकर अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत पहुंचनी है। साल 2010 में इस पाइपलाइन को बनाने पर समझौता हुआ था और 2015 में काम शुरू हुआ, लेकिन अस्थिरता के चलते काम बंद है।

**हक्कानी और मुल्ला बरादर के गुटों में है अंदरूनी कलह**

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अफगानिस्तान में पदों के बंटवारे पर हक्कानी और कार्यवाहक प्रथम उप प्रधानमंत्री मुल्ला बरादर के बीच मतभेद हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगानिस्तान और उसके आसपास के क्षेत्र में आतंकवाद का खतरा बढ़ रहा है। तालिबान, अलकायदा और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के बीच 'मजबूत और सौहार्दपूर्ण' गठजोड़ बना हुआ है। तालिबान ने भरोसा दिया था कि वह अपनी सरजमीं का आतंकी इस्तेमाल नहीं होने देगा।

## बड़े प्रोजेक्ट्स के लिए तालिबान के अंदर कलह







**1814** किमी लंबी होगी प्राकृतिक गैस से जुड़ी यह पाइपलाइन

**33** अरब क्यूबिक मीटर गैस हर साल इस लाइन से ट्रांसपोर्ट होगी

तुर्कमेनिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पाइपलाइन पर जून में होना है समझौता।

## क्या है गैस पाइपलाइन का यह प्रोजेक्ट?

NBT संग समझें

**क्या है चार देशों के बीच यह प्रोजेक्ट?**
TAPI पाइपलाइन का नाम तुर्कमेनिस्तान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, भारत के नाम के पहले अक्षर को जोड़कर बनाया गया है। यह पाइपलाइन तुर्कमेनिस्तान के गल्किनिश से यह भारत के पंजाब स्थित फाजिल्का शहर तक जोड़ेगी। तुर्कमेनिस्तान से अफगानिस्तान के हेरात और कंधार से गुजरते हुए यह पाकिस्तान के क्वेटा और मुल्तान से गुजरेगी। फिर भारत के पंजाब में फजिल्का शहर तक पहुंचेगी।

**कहां तक पहुंचा प्रोजेक्ट?**
अफगानिस्तान में तालिबान के शासन के बाद से TAPI प्रोजेक्ट पर काम रुक सा गया है। तुर्कमेनिस्तान और पाकिस्तान कई महीनों से इस पाइपलाइन पर बातचीत कर रहे हैं। संभावना है कि जून के आखिरी हफ्ते में दोनों देश अंतिम समझौते तक पहुंच जाएंगे।

**तालिबान क्यों दिखा रहा दिलचस्पी?**
इस पाइपलाइन परियोजना से होने वाली कमाई अफगानिस्तान के कुल बजट का 85% तक हो सकती है। इस कारण तालिबान भी इस परियोजना में दिलचस्पी दिखा रहा है। तालिबान नेताओं ने तुर्कमेनिस्तान को आश्वासन दिया है कि वे परियोजना को पूरी सुरक्षा देंगे।

HARI BHOOMI, Delhi, 12.6.2023
Page No. 12, Size:(30.94)cms X (21.87)cms.

**यूएन ने किया तालिबान की चाल का खुलासा**

# भारत से जुड़ी गैस पाइपलाइन पर नियंत्रण चाहता हक्कानी गुट

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगानिस्तान के तालिबान द्वारा नियुक्त आंतरिक मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी कई आर्थिक परियोजनाओं को अपने नियंत्रण में लेने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्य रूप से वह तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-भारत (तापी) गैस पाइपलाइन के अफगान खंड के निर्माण पर नियंत्रण करने की मांग कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1988 की तालिबान प्रतिबंध समिति की विश्लेषणात्मक सहायता और प्रतिबंध निगरानी टीम की चौदहवीं रिपोर्ट में कहा गया है कि वास्तविक राज्य तंत्र और प्रांतीय प्रशासन में पदों के वितरण को लेकर तालिबान अधिकारियों के बीच कलह चल रही है। यहां कार्यवाहक आंतरिक मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी और कार्यवाहक प्रथम उप प्रधानमंत्री मुल्ला बरादर के बीच मसलों को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है।

**खास बातें**

- रिपोर्ट में कहा गया है कि बरादर दक्षिणी प्रांतीय प्रशासन का समर्थन करता है
- गैस पाइपलाइन के अफगान खंड के निर्माण पर नियंत्रण की मांग कर रहा है




## गैस पाइपलाइन अफगानिस्तान, पाकिस्तान से भारत आती है

बता दें, 1,814 किमी लंबी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन तुर्कमेनिस्तान से निकलती है और भारत पहुंचने के लिए अफगानिस्तान और पाकिस्तान से होकर गुजरती है। तुर्कमेनिस्तान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत ने पाइपलाइन के विकास के लिए दिसंबर 2010 में एक अंतर सरकारी समझौते (आईजीए) और गैस पाइपलाइन फ्रेमवर्क समझौते (जीपीएफए) पर हस्ताक्षर किए थे। निर्माण कार्य 2015 में शुरू हुआ, लेकिन अफगानिस्तान में अस्थिरता के कारण बहुत कम प्रगति हुई।

## सारी लड़ाई सरकार में दो पदों के लिए

रिपोर्ट में कहा गया है कि बरादर दक्षिणी प्रांतीय प्रशासन का समर्थन करता है। वह लगातार तालिबान के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने, विदेशों में अफगान संपत्ति को मुक्त करने और विदेशी सहायता का विस्तार करने की प्रक्रिया को नियंत्रित करने की मांग कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र की माने तो सारी लड़ाई सरकार में पदों के लिए है, जिससे वित्तीय, प्राकृतिक संसाधनों के साथ ही चैनल पर भी नियंत्रण किया जा सके। रिपोर्ट के अनुसार, सिराजुद्दीन हक्कानी कथित तौर पर तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-भारत गैस पाइपलाइन के अफगान खंड पर नियंत्रण करने की कोशिश कर रहा है।